झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

2 Oct 2023

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 2 अक्टूबर का इतिहास

- **1971 :** तत्कालीन राष्ट्रपति वी.वी. गिरि ने गांधी सदन के नाम से प्रसिद्ध बिड़ला हाउस देश को समर्पित किया।
- **1961 :** बम्बई में शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया का गठन हुआ।
- **1952 :** सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत हुई।
- **1951 :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की।
- **1988 :** तमिलनाडु में मंडपम ओर पम्बन के बीच समुद्र के ऊपर सबसे लंबा पुल खुला।
- **1869 :** भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ।

## 2 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन द्वारा एक रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि अगले तीन दशकों में भारत का समाज पूरी तरह बदल जाएगा। दरअसल 2050 तक हर 5 में से एक शख्स भारत में बुजुर्ग होगा। यानी सीधे तौर पर कहें तो अगले 3 दशकों में भारत की 20 फीसदी आबादी बुजुर्ग हो जाएगी जो वर्तमान में 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गो की आबादी बढ़ने का सिलसिला साल 2010 में शुरू हुआ था।
- आरईसी और पीएनबी ने अगले तीन वर्षो में 55,000 करोड़ रूपये के अवसंरचना परियोजना ऋण के सह-वितपोषण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आरईसी लिमिटेड ने एक कंसोर्टियम व्यवस्था के तहत विद्युत क्षेत्र और अवसंरचना व रसद क्षेत्र में परियोजना के लिए वित पोषण की संयुक्त रूप से संभावना तलाशने को लेकर पंजाब नेशनल बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आरईसी और पीएनबी अगले तीन वर्षो में 55,000 करोड़ रूपये ऋण के सह-वित पोषण के लिए एक दूसरे के साथ जुड़ेंगे।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुंबई स्थित सहकारी बैंक कपोल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया हैं। यह निर्णय मुख्य रूप से बैंक की अपर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाओं के बारे में चिंताओं के कारण किया गया था, जिसने जमाकर्ताओं के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की इसकी क्षमता के बारे में सवाल उठाए थें। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक बयान में द कपोल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की लाइसेंस रद्द करने की घोषणा की है।
- भारतीय निशानेबाज सिफ्त कौर समरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने न केवल स्वर्ण पदक जीता। बल्कि इस दौरान विश्व, एशियाई और खेलों के रिकॉर्ड भी ध्वस्त किये। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके शूटिंग करियर में एक महत्वपूर्ण क्षण हैं। कौशल और सटीकता के लुभावने प्रदर्शन में समरा ने 469.6 अंकों का विश्व और खेलों का रिकॉर्ड स्कोर हासिल किया।
- बीमा विस्तारः ऑल इन वन किफायती बीमा कवर, जल्द ही शुरू किया जाएगा। बीमा हमेशा वितीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है, जो अप्रत्याशित परिस्थितियों के दौरान व्यक्तियों और परिवारों को सुरक्षा जाल प्रदान करता है। भारत के हर कोने तक बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने बीमा विस्तार की शुरूआत की हैं। जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति कवरेज को शामिल करने वाला यह ऑल-इन-वन बीमा उत्पाद देश में बीमा परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं।
- उत्तराखंड सरकार ने प्रसिद्ध पोमा ग्रुप के साथ दो हजार करोड़ रूपये के निवेश के लिए लंदन में एक समझौता किया। यह समझौता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में हुआ है जो दिसंबर में राज्य में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के लिए ब्रिटेन की राजधानी लंदन की यात्रा पर गए हुए हैं। पोमा समूह उत्तराखंड में रोपवे निर्माण में तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। राज्य सरकार की और से सचिव, उद्योग विनय शंकर पांडेय ने एमओयू पर दस्तखत किए।
- वर्ल्ड टैलेंट रैंकिंग में भारत चार पायदान निचले जा फिसला है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट ने ये रैंकिंग जारी किया हैं। इसके मुताबिक 2023 में दुनिया की 64 अर्थव्यवस्थाओं में भारत चार पायदान नीचे फिसलकर वर्ल्ड टैलेंट रैकिंग में 56वें स्थान पर जा फिसला हैं। साल 2022 में भारत इस रैकिंग में 52वें पायदान पर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में आधारभूत ढांचे में सुधार की सराहना की गई है।
- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पांच साल और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के दो साल पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया।
- मनु भाकर, ईशा सिंह ओर रिदम सांगवान की तिकड़ी ने यहां एशियाई खेलो की महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मनु, ईशा और रिदम की टीम कुल 1759 अंक के साथ शीर्ष पर रही जिससे भारत मौजूदा खेलों में अपना चौथा स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. महात्मा गांधी जयंती हर साल कब मनाई जाती है ?**

(A) 1 अक्टूबर (B) 2 अक्टूबर

(C) 3 अक्टूबर (D) 4 अक्टूबर

**(B)** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक मोहनदास करमचंद गांधी की जयंती मनाने के लिए हर साल 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जाती है। जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर गुजरात में हुआ था।




**2. विश्व पर्यावास दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) अक्टूबर माह के पहले सोमवार को

(B) अक्टूबर माह के दूसरे सोमवार को

(C) अक्टूबर माह के पहले मंगलवार को

(D) अक्टूबर माह के तीसरे सोमवार को

**(A)** विश्व पर्यावास दिवस पूरे विश्व में अक्टूबर महीने के पहले सोमवार को मनाया जाता हैं। वर्ष 2023 में यह दिवस 2 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 1985 में घोषित किया गया था। और 1986 में पहली बार इसे दुनिया भर में मनाया गया था।




**3. हाल ही में आई UNFPA की रिपोर्ट के अनुसार किस देश में 2050 तक बुजुर्गो की आबादी 20% हो जाएगी ?**

(A) जर्मनी (B) चीन

(C) फ्रांस (D) भारत

**(D)** यूएनएफपीए की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर बुजुर्गो की आबादी का हिस्सा 2021 में 10.1 प्रतिशत था जो बढ़कर 2036 में 15 प्रतिशत और 2050 में 20.8 प्रतिशत तक होने का अनुमान हैं। भारत दुनिया में किशोरों और युवाओं की सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से एक है।



**4. हाल ही में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023 में भारत किस स्थान पर है ?**

(A) 30वें (B) 39वें

(C) 40वें (D) 50वें

**(C)** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023 रैंकिंग में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें रैंक बरकरार रखी हैं। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत कई सालों से तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। यह साल 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 2023 में 40वें स्थान पर पहुंच गया है।




**5. अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 2 अक्टूबर (B) 3 अक्टूबर

(C) 4 अक्टूबर (D) 5 अक्टूबर

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता हैं। जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 15 जून 2007 को महासभा ने शिक्षा और सार्वजनिक जागरूकता सहित अहिंसा का संदेश फैलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस की स्थापना के एक प्रस्ताव को अपनाया गया।





Contact : 8084818282, 9113365645

**6. लाल बहादूर शास्त्री जयंती हर साल कब मनाई जाती है ?**

(A) 1 अक्टूबर (B) 2 अक्टूबर

(C) 3 अक्टूबर (D) 4 अक्टूबर

**(B)** लाल बहादूर शास्त्री जयंती हर साल 2 अक्टूबर को मनाई जाती हैं। भातर के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को मुगलसराय, उत्तर प्रदेश भारत में हुआ था। वह एक प्रमुख राजनीतिक नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया था।



**7. हाल ही में किस राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के बेरोजगार युवाओं के लिए नई योजना की घोषणा की ?**

(A) पंजाब (B) राजस्थान

(C) केरल (D) बिहार

**(D)** हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार जी के द्वारा अल्पसंख्यक समद्राय के युवाओं के लिए मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना को शुरू की गई। इस योजना के माध्यम से राज्य के बेरोजगार अल्पसंख्यक युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु राशि प्रदान की जाएगी।



**8. हाल ही में किस देश ने टी-201 में सर्वोच्च का रिकॉर्ड बनाया है ?**

(A) भारत (B) नेपाल

(C) ऑस्ट्रेलिया (D) श्रीलंका

**(B)** हाल ही में नेपाल ने एशियाई खेलों की क्रिकेट स्पर्धा में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बना और और उसने मंगोलिया के खिलाफ मैच में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए। उन्नीस साल के बाए हाथ के बल्लेबाज कुशाल मल्ला ने सिर्फ 34 गेंद में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का सबसे तेज शतक पूरा किया।




**9. हाल ही में किस राज्य सरकार ने महिला बीट अधिकारियों शक्ति दीदियों का नाम दिया है ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) हरियाणा

(C) महाराष्ट्र (D) उत्तर प्रदेश

**(D)** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में महिला बीट अधिकारियों को शक्ति दीदियों का नाम दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आगामी शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से मिशन शक्ति अभियान का नया चरण शुरू होने वाला है और इस चरण के केंद्र में शक्ति दीदियां भी होगी। महिला बीट अधिकारी के रूप में जानी जाती है।



**10. हाल ही में एडीबी ने बाजार समाधान के उपाध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया है?**

(A) भार्गव दास गुप्ता (B) संजय पांडे

(C) अतुल भार्गव (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में एशियाई विकास बैंक ने आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी भार्गव दासगुप्ता को अपने बाजार समाधान खंड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। एडीबी ने एक बयान में कहा कि भार्गव दास गुप्ता इस पद पर तीन साल तक रहेंगे। वह एडीबी के निजी क्षेत्र परिचालन विभाग और बाजार विकास एवं सार्वजनिक निजी साझेदारी कार्यालय के परिचालन का प्रबंधन करेंगे।

